चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अधिसूचना

पत्रांक : NEP-2020 परीक्षा/7083
दिनांक : 06.08.2022

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानो में NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करायी जानी प्रस्तावित हैं।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा पूर्व में भरे गये परीक्षा फार्मों में केवल Skill development courses में संशोधन किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 07.08.2022 से 09.08.2022 तक खुला रहेगा। महाविद्यालय/संस्थान से अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 07.08.2022 से 09.08.2022 को ही सन्दर्भित परीक्षा फार्मों में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् कोई भी संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।

संशोधन के पश्चात महाविद्यालय के लैटर हैड पर प्राचार्य द्वारा यह प्रमाण पत्र कि किन–किन छात्रों के Skill development courses में परिवर्तन किया गया है, विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा महाविद्यालय द्वारा किये गये संशोधन मान्य नहीं होंगे।

06/08

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/कम्प्यूटर केन्द्र/सामान्य भण्डार/उत्तर पुस्तिका/कमैटी सैल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उक्त को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु समाचार पत्रों को निर्गत करने का कष्ट करें।
11. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–रिकार्ड (परीक्षा) को सन्दर्भित अधिसूचना को संरक्षित रखते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित।
13. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ कि संशोधन हेतु निर्धारित तिथियों पर पोर्टल उपलब्ध कराया जाये।
15. गार्ड फाइल–''अधिसूचना''।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)